years, despite their not possessing the requisite qualification; and

(b) the justification thereof in each case?

THE MINISTER OF STATE IN THE DEPARTMENT OF EDUCATION IN THE MINISTRY OF HUMAN RESOURCE DEVELOPMENT (SHRI MUHI RAM SAIKIA): (a) and (b) Kendriya Vidyalaya Sangathan has reported that they are not aware of any such cases.

Budget Earmarked for Central Universities

3745. SHRI S.M. KRISHNA: Will the Minister of HUMAN RESOURCE DEVELOPMENT be pleased to state:

(a) the names of the Central Universities in the country and the budget earmarked for each of them during the last five years, year-wise;

(b) whether it is a fact that JNU authorities have expressed their resentment over lower allocation of funds to that University during the current year; if so, the details of the fund demanded and that actually given and the reasons for the difference; and

(c) whether Government propose to declare some more universities as Central Universities; if so, the proposals so received and the decision taken in regard thereto?

THE MINISTER OF STATE IN THE DEPARTMENT OF EDUCATION IN THE MINISTRY OF HUMAN RESOURCE DEVELOPMENT (SHRI MUHI RAM SAIKIA): (a) to (c) The information is being collected and will be laid on the Table of the House.

उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों में व्यावसायिक प्रशिक्षण

3746. **श्री महेश्वर सिंह:** क्या **मानव संसाधन विकास** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) उस व्यवसाय का नाम क्या है जिसमें सरकार की व्यावसायिक शिक्षा नीति के अधीन उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों में सर्वाधिक संख्या में छात्र प्रशिक्षणरत हैं;

(ख) इस व्यवसाय के पाठ्यक्रम और प्रशिक्षण का सफलतापूर्वक संचालन करने के लिए मंत्रालय के इस राष्ट्रीय व्यावसायिक शिक्षा संस्थान में कार्यरत इस व्यवसाय के विशेषज्ञों की संख्या कितनी है; और

(ग) इस व्यवसाय के विशेषज्ञों के लिए इस संस्थान के द्वारा अब तक चलाए गए प्रशिक्षण कार्यक्रमों का ब्यौरा क्या है?

मानव संसाधन विकास मंत्रालय में शिक्षा विभाग में राज्य मंत्री (श्री मुहीराम सैकिया): (क) संलग्न विवरण में दिए गए 24 सर्वाधिक लोकप्रिय व्यवसायों में विद्यार्थी कार्यक्रम के अन्तर्गत वरिष्ठ माध्यमिक स्कूलों में प्रशिक्षण ले रहे हैं। **(नीचे देखिए)**

(ख) और (ग): कार्यक्रम की सफलता के लिए कार्यक्रमों को चलाने हेतु सत्रह विशेषज्ञ भोपाल स्थित केन्द्रीय व्यावसायिक शिक्षा संस्थान में कार्य कर रहे हैं। इन विशेषज्ञों के लिए संयुक्त राष्ट्र शैक्षिक, सामाजिक और सांस्कृतिक संगठन (यूनेस्को) के सहयोग से भोपाल स्थित संस्थान द्वारा एक प्रबोधन/प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

विवरण

सर्वाधिक लोक प्रिय व्यावसायिक पाठ्यक्रमों के नाम

1. फसल उत्पादन
2. बागवानी
3. रेशम-उत्पादन
4. अन्तर्देशीय मतस्य पालन
5. मुर्गी-पालन
6. डेरी-उद्योग
7. कार्यालय प्रबंधन
8. बैंकिंग
9. लेखा शास्त्र एवं लेखा परीक्षा
10. विपणन एवं विक्रय कला
11. घरेलू उपकरणों की मरम्मत और रख-रखाव
12. टी०वी० एवं रेडियो रिसिवर की मरम्मत एवं रख-रखाव
13. मोटर इंजीनियरिंग
14. यांत्रिक इंजीनियरिंग
15. भवन रख-रखाव
16. खाद्य पदार्थ संरक्षण एवं संसाधन
17. बेकरी एवं मिष्ठान